





# लोक निर्माण विभाग की सड़क पर वन विभाग का अड़ंगा

## अशोकनगर से पिपरई होते हुए काछी बरखेड़ा तक केंद्रीय सड़क निधि से स्वीकृत हुई थी सड़क

**खबर की खास बातें**

- दस साल से नहीं मिली विभाग की स्वीकृति।
- स्वीकृति न मिलने की बजह से ठेकेदार काम छोड़कर भागा।
- वनभूमि में 3 किलोमीटर पर नहीं हुआ निर्माण



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर/बहादुरपुर।** वन विभाग द्वारा चौड़ाई बढ़ाने की स्वीकृति न मिलने पर ग्राम बंधी से ग्राम जारोली बुजुर्ग तक एक सड़क का 3 किलोमीटर का हिस्सा अधूरा है। यहां पहले 3.5 मीटर चौड़ाई की डामर सड़क थी, नवीन निर्माण के तहत इसकी चौड़ाई बढ़ाकर 7 मीटर कर दी गई, जिसे वन विभाग ने स्वीकृत नहीं किया। दस वर्ष तक इसी पुरानी सड़क पर भारी वाहन दौड़ते रहे जिससे पुरानी सड़क पूरी तरह से ध्वस्त हो गई और नई सड़क नहीं बनी। अब सड़क के नाम पर यहां केवल धूल और पत्थरों से भरा एक रास्ता बचा है। जो इमला घाटी पर बरसाती पानी के बहाव से दोनों ओर कटाव का शिकार हो चुका है। यहां बीते दो तीन वर्षों में दो लोगों की मौत ट्रैक्टर पलटने से हो चुकी। कई मोटर साइकिल सवार घाटी से उतरते वक्त अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। तीन किलोमीटर के उखड़े हिस्से के कारण जारोली बुजुर्ग और काछी बरखेड़ा के ग्रामीण तक पिपरई जाने के लिए इसका इस्तेमाल नहीं करते। क्षेत्र से पिपरई जाने के लिए पहले मुंगावली जाना पड़ता है, जिससे दूरी बढ़कर 35 किलोमीटर हो जाती है, जबकि काछी बरखेड़ा से पिपरई तक यह सड़क केवल 15 किलोमीटर लंबाई की है। इस तरह से सड़क अधूरी होने के कारण ग्रामीणों को 20 किलोमीटर का अतिरिक्त फेरा लगाना पड़ता है।

### मध्यप्रदेश में दूसरे नंबर पर मिली थी स्वीकृति

केंद्रीय सड़क निधि से प्रदेश भर में दूसरे नंबर पर जिस सड़क को सन 2015 में स्वीकृति मिली थी, वह सड़क आज दस साल बाद भी अधूरी है। वजह है लोक निर्माण विभाग और वन विभाग में आपसी समन्वय न होना। 44.88 किलोमीटर लंबाई की अशोकनगर के राजमाता चौराहा से शुरू होकर पिपरई होते हुए मुंगावली के काछी बरखेड़ा में इस सड़क को राष्ट्रीय राजमार्ग 346 ए से जोड़ा जाना था। इस सड़क का निर्माण जयपुर की श्री कृष्णा कंट्रक्शन कंपनी ने शुरू किया। निर्माण लागत थी 82.49 करोड़, किंतु तमाम तरह के अड़ंगे लगने के कारण निर्माण में देरी हुई और जीएसटी बिल आ गया। इसलिए कंपनी को निर्माण कार्य छोड़ने तक करीब 12 करोड़ रूपये बतौर जीएसटी के चुकाने पड़े। कंपनी निर्माण कार्य छोड़कर भी चली गई लेकिन निर्माण कार्य अधूरा होने के कारण उसे केवल 70 करोड़ रुपए का भुगतान हुआ। इस तरह इस सड़क के निर्माण में कंपनी को करीब 24 करोड़ रुपए का घाटा भी हुआ है।

*इनका कहना है।*

*ठेकेदार काम छोड़कर चला गया है। अब यदि वन विभाग से स्वीकृति भी मिली तो नया टेंडर होगा। इसके बाद सड़क बनाई जा सकेगी। हम ज्यादा हस्तक्षेप नहीं कर सकते।*

***पीके झा, कार्यपालय यंत्री, लोक निर्माण विभाग अशोकनगर।***

*अभी वह सड़क स्वीकृति के लिए राज्य स्तर से लंबित है। जिले का वन विभाग सकारात्मक दृष्टिकोण से स्वीकृति का प्रयास कर रहा है। सड़क जहां से गुजरी है, वहां वन्यजीवों का विचरण क्षेत्र है, इसलिए स्वीकृति में देरी हुई है।*

***ऋषि प्रजापति, वन परिक्षेत्राधिकारी मुंगावली।***

# पटवारी से मारपीट करने वाला इनामी बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ग्राम टीला में एसआईआर कार्य में लगे पटवारी से मारपीट करने वाला ईनामी आरोपी भानूप्रताप सिंह यादव को मुंगावली पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

उल्लेखनीय है कि हल्का पटवारी ईश्वरचंद पुत्र नरेश जाटव जब ग्राम टीला में एसआईआर का कार्य संपादित कर रहे थे। तभी अचानक ग्राम टीला निवासी भानू प्रताप पुत्र अमोल सिंह यादव पहले गाली-गलौज की और उसके बाद मारपीट मारपीट की गई। जिसके बाद पटवारी द्वारा मुंगावली थाने में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके चलते पुलिस ने शासकीय कार्य में बाधा डालने सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया। वहीं घटना के बाद से आरोपी फरार था। उसकी गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीम गठित कर संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी गई, परिजनों से पूछताछ की गई तथा सायवर सेल की मदद भी ली गई। आरोपी की संपत्तियों की जानकारी जुटाकर आगामी कुर्की करने की कार्यवाही हेतु तहसील से अभिलेख प्राप्त किए गए। आरोपी भानूप्रताप यादव आदतन अपराधी है। पूर्व में भी थाना बहादुरपुर में उसके विरुद्ध मारपीट के चार प्रकरण पंजीबद्ध हैं। आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक अशोकनगर द्वारा 1000 रूपये का इनाम घोषित किया गया था। जिसके चलते पुलिस टीम द्वारा उसे शनिवार को गिरफ्तार जेल भेजा गया। इस कार्रवाई एसडीओपी मुंगावली सनम बी खान, थाना प्रभारी मुंगावली उप निरीक्षक जोगेन्द्र सिंह यादव, सुमरन कुड़ापे, सहायक उप निरीक्षक अनिल सहरिया, माईकल अमरजीत, अभिजीत सिंह (सायबर सेल), प्रधान आरक्षक राजेन्द्र बघेल, अरविन्द मौर्य, आरक्षक पवन मीना, रविकांत शर्मा, रोशन कुमार की सराहनीय भूमिका रही।

## एक नजर में



### डॉ अंबेडकर को वकीलो ने दी श्रद्धांजलि

**नवभारत अशोकनगर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर जिला अभिभाषक संघ द्वारा जिला न्यायालय में स्थित संविधान वाटिका पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जहां पर अधिवक्ताओं द्वारा बाबा साहब डॉ भीमराव अंबेडकर को याद किया। साथ ही उपस्थित उपस्थित अधिवक्ताओं ने मौन धारण एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद सभी ने अपने-अपने विचार व्यक्त किये श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर जिला अभिभाषक संघ के अध्यक्ष एडवोकेट चंद्रशेखर साहू, एडवोकेट दुर्गेश जाटव मीडिया प्रभारी, एडवोकेट रमेश कुमार इटोरिया, मांगीलाल सरवैया, नारायण सिंह सूर्यवंशी, अशोक कुमार सिमरैया, प्रदीप जाटव मलखान सिंह माथुर, संजीव देलवार, गणेशराम अहिरवार एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

### सनातन धर्म रक्षक संत सम्मेलन आज

**अशोकनगर।** धर्म रक्षक समिति जिला अशोकनगर द्वारा 7 दिसंबर रविवार को दोपहर 12:30 से 4 तक स्थानीय सरस्वती विद्यालय आरोन रोड पठार पर संत अर्चक पुरोहितों का धर्म रक्षक सम्मेलन आयोजित किया गया है। जानकारी देते हुए विश्व हिंदू परिषद के प्रांत प्रमुख डॉ दीपक मिश्रा ने बताया कि हम सभी जानते है कि शास्त्र का वाक्य है धर्म रक्षति रक्षित: अर्थात जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। मठ, मंदिर, आश्रम, जिनालय, गुरुद्वारा, बौद्धमठ इन सब की स्थापना का उद्देश्य धर्म पर हो रहे आक्रमण का प्रतिकार और धर्मरक्षा ही था जो की संतो ने किया। वर्तमान परिस्थिति अलग नही है, जबकि अब आक्रमण अत्याधुनिक विधि से और घ्रणित तरीके से हो रहा है। धर्म जग रहा है, कथा सत्संग हो रहे है, फिर भी धर्मग्रंथों को नुकसान पहुंचाया जा रहा है, मंदिर मठो पर हमले हो रहे है। उन्होंने कहा कि झांकी लग रही है दुर्गा गणेश की पर मूर्ति भंजक आक्रमण कर रहे है। धार्मिक चल समारोह पर हमला हो रहा है। स्थान-स्थान पर संतो पर प्राणघातक हमले हो रहे है। संत समाज की धुरी हैं ,धर्म ध्वज वाहक है। धर्म जागरण कर्ता है, प्रेरक है पूजक है पूज्य है। धर्म रक्षार्थ प्राणोत्सर्ग करने वाले है आज धार्मिक बनने से पहले धर्मरक्षक बनना आवश्यक है संत ही धर्मरक्षा करने में सक्षम है जिससे मातृशक्ति का सम्मान बचे, आतंक मिटे, मंदिर, मठ, आश्रम सुरक्षित रहे। धर्म, संस्कार, संस्कृति, परम्परा पर्वत ही नही पर्यावरण बचे इस निमित्त एवं धर्म मूलरूप में आगे की पीढियों तक सुरक्षित पहुचे भारत धर्ममय, धर्मप्राण बने ये हमारा कर्तव्य एवं दायित्व है। इस हेतु से सनातन धर्म की रक्षार्थ इस धर्म रक्षक सन्त सम्मलेन की आवश्यकता है। उन्होंने धर्म प्राण जनता को जगाने के प्रति कर्तव्य रूपी प्राण फूंकने में शुभाशीष और मार्गदर्शन की आवश्यकता जताई है। और इस हेतु उक्त आयोजन किया जा रहा है।

# अंबेडकर एक व्यक्ति नहीं,बल्कि एक विचारधारा थे : राय

## बाबा साहब भीमराव अंबेडकर के परिनिर्वाण दिवस पर कांग्रेस ने अर्पित किये श्रद्धासुमन



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के महा परिनिर्वाण दिवस पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता विदिशा रोड़ स्थित अंबेडकर पार्क पहुंचे, जहां बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए अपने विचार रखे। इस दौरान क्षेत्रीय विधायक इंजी. हरिबाबू राय ने कहा कि डॉ. अंबेडकर केवल एक व्यक्तित्व नहीं, बल्कि एक विचारधारा हैं, जिन्होंने भारत में सामाजिक समानता, न्याय, अधिकार और लोकतांत्रिक मूल्यों की नींव मजबूत की। उन्होंने कहा कि बाबासाहेब द्वारा रचित भारतीय संविधान हमारे राष्ट्र का सबसे शक्तिशाली और जीवंत दस्तावेज है, जिसने करोड़ों भारतीयों को समान अवसर और सम्मान के साथ आगे बढ़ने का अधिकार दिया। साथ ही विधायक श्री राय ने कहा संविधान की मूल भावना की रक्षा, सामाजिक सौहार्द को मजबूत करना और वंचित वर्गों के अधिकारों की सुरक्षा के लिए मैं सदैव प्रतिबद्ध हूं। बाबासाहेब के आदर्श हमारे मार्गदर्शक हैं और हम सबका कर्तव्य है कि उनके सपनों के भारत के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएं। इसके पश्चात कांग्रेस जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा ने बाबासाहेब के जीवन, संघर्ष और उनके सामाजिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर का पूरा जीवन शिक्षा, संगठन और संघर्ष के तीन स्तंभों पर आधारित रहा। उन्होंने जातिगत भेदभाव के खिलाफ लड़ते हुए समाज को एक नई दिशा दी और मानवाधिकारों तथा समानता के सिद्धांत को दुनिया के सामने स्थापित किया। वहीं जिलाध्यक्ष ने कहा कि बाबासाहेब ने दलित, वंचित और शोषित समाज को वह सम्मान दिलाया, जिसकी वह सदियों से प्रतीक्षा कर रहा था। उनका जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी संघर्ष की ज्योति बुझने नहीं देनी चाहिए। हम सभी कांग्रेसजन उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए समाज में जागरूकता और समानता को बढ़ाने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेंगे। वहीं कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओ ने संविधान की मर्यादा और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने का संकल्प लिया।



### आशा नदी पर किया बोरी बंधान

**शाढ़ौरा।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड अशोकनगर की नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यापुर एवं ग्राम विकास प्रफूटन समिति परवई के संयुक्त प्रयास से ग्राम परवई में आशा नदी पर जन सहयोग से बोरीबंधान किया गया। इस बोरी बंधान गतिविधि में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चौहान ने बैठक कर बताया की जल संचय अभियान कलेक्टर के निर्देशन में पूरे जिले में चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य पानी को बचाना है और ग्रामीण को जल के प्रति जागरूक करना है। इस दौरान शनिवार को 50 कट्टियों का बोरीबंधन किया गया तथा विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने बताया कि परिषद के माध्यम से विकासखंड में बोरीबंधान के माध्यम से जल को रोका जा रहा है। इस अवसर पर नवअंकुर संस्था के सचिव विवेक रघुवंशी, समिति के अध्यक्ष जयपाल यादव ,परामर्शदाता गणेशाराम अहिरवार और ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति म्यापुर के अध्यक्ष अरुण रघुवंशी, परवई प्रस्फुटन के सचिव हरिओम एवं एमएसडब्ल्यू छात्र जितेंद्र रघुवंशी, रतनलाल ,मुकेश,दिलीप,महेशपाल ,सुरेश ,राजबहादुर, कृपाल सिंह सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

# महिला पार्षद ने 16वीं बार किया रक्तदान

**लायंस क्लब एवं एपीएस अकेडमी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित हुआ रक्तदान शिविर**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** लायंस क्लब अशोकनगर बेस्ट एवं APS Academy के संयुक्त तत्वाधान में स्कूल परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ स्कूल के डायरेक्टर धर्मेन्द्र रघुवंशी एवं ब्लड बैंक के प्रभारी डॉ. सदीप जैन द्वारा मां सरस्वती के आगे दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस रक्तदान शिविर में लोगों ने बड़चढ़ कर भाग लिया, जिसके चलते कुल 37 यूनिट रक्त अर्जित हुआ। तो वहीं रक्तदान शिविर के पश्चात स्कूल के डायरेक्टर धर्मेन्द्र रघुवंशी द्वारा उपस्थित रक्तदाओं को फूल माला पहनाकर एवं प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया। वहीं स्कूल डायरेक्टर ने उपस्थित ब्लड बैंक के कर्मचारियों को भी सम्मानित कर विदा किया।

### रक्तदान शिविर में इन्होंने किया रक्तदान:

शनिवार को आयोजित रक्तदान शिविर में कुल 37 यूनिट रक्त अर्जित किया गया। जिसमें वार्ड क्रमांक 3 की पार्षद हेमलता रघुवंशी द्वारा 16 वा रक्तदान एवं महेंद्र रघुवंशी द्वारा 25 वा रक्तदान किया गया। इसके अलावा सोनू रघुवंशी, दीपक रघुवंशी, वीरेंद्र कुमार ,निधि गहलोत, सरोज शर्मा, सत्येंद्र रघुवंशी, प्रवीण रघुवंशी, रघुराज सिंह, रुद्र प्रताप सिंह, संदीप रघुवंशी, अमर, सचिन, कीर्ति यादव, अनिल सिंह, वैभवी जैन, राखी गुप्ता, कैलाश कुशवाहा, आर्यन, देवेंद्र सिंह, रश्मि रघुवंशी, शीला रघुवंशी, शिवम कुमार, सकीम खान, प्रमोद रघुवंशी, जगजीत सिंह, अंजलि जैन, अरविंद ,विपिन,अंकित, नेहा छाबड़ा, मान्या सेन, स्कूल के प्राचार्य प्रिंस सोनी द्वारा रक्तदान किया गया।

# साहस दिखाने वाले जवानों का किया सम्मान

**हर्षोल्लास से मनाया गया होमगार्ड स्थापना दिवस**

**कार्यक्रम में लगाई गई आपदा प्रबंधन की प्रदर्शनी**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** ग्राम मारूप स्थित डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेंट होमगार्ड कार्यालय परिसर में शनिवार को होमगार्ड नागरिक सुरक्षा स्थापना दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान जहां सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया, तो वहीं बचाव कार्य में अदम्य साहस दिखाने वाले जवानों को सम्मानित किया गया।

दरअसल शनिवार को आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपर कलेक्टर डीएन सिंह उपस्थित रहे। इस दौरान उन्होंने संदेश का वाचन किया, तो वहीं संदेश वाचन के उपरात होमगार्ड एवं एसडीईआरएफ द्वारा किये गये महत्वपूर्ण बचाव कार्यों के बारें में बताया गया। इसके बाद होमगार्ड परिवार के मेधावी छात्रों को समारोह में पुरूस्कार के रूप में राशि दी गई। वहीं रेस्क्यू कार्य में अदम्य साहस द्वारा किये बचाव कार्यों के लिये जवानों को प्रमाण पत्र देकर पुरूस्कृत किया गया। उल्लेखनीय है कि इस बार होमगार्ड मुख्यालय के निर्देशानुसार परेड में प्रथम बार सिविल डिफेंस स्वयंसेवकों का प्लाटून सम्मिलित किया गया था।

**प्रदर्शनी का अवलोकन:**

स्थापना दिवस के अवसर पर होमगार्ड द्वारा आपदा प्रबंधन की प्रदर्शनी लगाई गई थी, जिसका अवलोकन मुख्य अतिथियों द्वारा किया गया। इस मौके पर एसडीओपी विवेक शर्मा, विधि महाविद्यालय की प्राचार्य गरिमा राठौर, डिस्ट्रिक्ट कमाण्डेट राघवेंद्र शर्मा सहित विभिन्न स्वयंसेवी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं विद्यालयों के छात्र-छात्रायें उपस्थित रहे।

**महोत्सव**

## निर्यापका चार्य मुनि पुंगव ने किया धर्मसभा को संबोधित

# घट यात्रा के साथ होगा श्रीमद् जिनेंद्र पंच कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** कई लोग अपनी जिंदगी दूसरो पर न्यौछावर कर अपने आपको धन्य मानते हैं, ऐसे लोग भी हैं जगत में जो अपने प्राण न्यौछावर कर भी दूसरे को बचाना चाहते हैं आगम में आया है कि जंगल में मुनि राज तपस्या कर रहे हैं उसी समय एक शेर मुनिराज की ओर झपटा मार कर आगे बढ़ा तब उपस्थित एक सुकर मुनि राज को बचाने कुद पड़ा। सवाल ये कि मेरे मरने से कोई लाभ नहीं महाराज जी के जिंदा रहने से कितने लोगों का कल्याण होगा ऐसे लोग भी दुनिया में हैं, ये लोग इतना पुण्य कमा लेते हैं जिसका पराबार नहीं है उक्त आशय के उद्गार सुभाषगंज मैदान में विशाल धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि पुगंव श्री सुधासागर महाराज ने व्यक्त किए। वहीं उन्होंने कहा कि जिसे अपना सगा मनता है जब वहीं साथ नहीं देता तो व्यक्ति 50 प्रतिशत टूट जाता है और जब किश्मत साथ नहीं देती तो व्यक्ति निराशा में चला जाता है और अपने आप की जीवन लीला समाप्त करने पर उतारू हो जाता है, जो दु:ख से घबराकर आत्महत्या करने चले जाते हैं कर्म उन्हें इससे भी खतरनाक दु:ख मिलते हैं जैसे जेल में 50 प्रतिशत से अधिक अपराधी मरना चाहते हैं, लेकिन मर नहीं पाते वहां ऐसी व्यवस्था बनाई गई है कि मरना चाहाने वाले मर भी नहीं सकता ऐसे ही कर्म ने ऐसी व्यवस्था बनाई है कि नरक घनघोर दु:ख है वहां जीव मरना चहता है।

### घटयात्रा के साथ होगा श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक महोत्सव का शुभारंभ:

इस दौरान जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापका चार्य मुनि पुंगव श्रीसुधासागर महाराज ससंघ के सान्निध्य एवं प्रतिष्ठा चार्य प्रदीप भैया के निर्देशन होने जा रहे श्री मद् जिनेन्द्र पंच कल्याणक प्रतिष्ठा महा महोत्सव एवं विश्व शांति महायज्ञ एवं गजरथ महोत्सव का शुभारंभ मंगलमय घट यात्रा के साथ होगा। इस भव्य शोभायात्रा में भगवान जिनेन्द्र देव के रथयात्रा, रजत विमान एवं पालकी यात्रा के साथ प्रात: 7 बजे सुभाष गंज मैदान से प्रारंभ होगी। जो विभिन्न मार्गो से होते हुए पुरानी अनाज मंडी बनाई गई अयोध्या नगरी में पहुंचकर धर्म सभा में बदल जायेगी।

# वर्तमान परिवेश में बताई महिलाओं की भूमिका

**सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम आयोजित**

**मुख्य वक्ताओं ने बताए कार्यक्रम के उद्देश्य**



नवभारत न्यूज

**अशोकनगर।** विश्व मांगल्य सभा अशोकनगर की मां जीजाबाई सदाचार सभा द्वारा नेहरू बाल उद्यान में विद्या भारती द्वारा चलाये जा रहे सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सभा की संयोजिका विजया अग्रवाल एवं सहसंयोजिका मधु अग्रवाल ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान मुख्य वक्ता के रूप में प्रांतीय सहसंयोजिका एवं सचिव भावना चौधरी ने कुटुंब प्रबोधन एवं पर्यावरण विषय पर सभी का मार्गदर्शन किया। वहीं द्वितीय वक्ता सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम की जिला संयोजिका अंजनी दुबे ने वर्तमान परिवेश में नारियों की भूमिका पर प्रकाश डाला। वहीं कार्यक्रम के अंत में ममता अवस्थी ने उपस्थित महिलाओ को शपथ दिलवाई। वहीं कार्यक्रम की प्रस्तावना सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम की जिला प्रमुख कीर्ति शर्मा ने रखी। परिचय वंदना कन्हैया ने करवाया ,स्वागत शशि अग्रवाल ,सीमा अग्रवाल ने किया। इस मौके प रअलका अग्रवाल, सीमा सलूजा, शिवकुमारी शर्मा सहित अन्य महिलाएं उपस्थिति रही।